# कार्यालय प्रमुख अभियंता
# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
## तृतीय तल ब्लाक–4, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर छत्तीसगढ़

क्रमांक 5141/त.शा./प्र.अ./लो.स्वा.यां.वि./2015 नया रायपुर, दिनांक 19/06/2015

प्रति,

मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
परिक्षेत्र रायपुर/बिलासपुर/जगदलपुर

**विषय :–** **शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने सार्वजनिक नलकूपों व पानी की टंकियों की नियमित साफ–सफाई बाबत्।**

संदर्भ :– अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालचय, महानदी भवन, नया रायपुर का पत्र क्रंमाक एफ 1–1/2015/32–2/2286 नया रायपुर दिनांक 08.06.2015

----00----

विषयांतर्गत संदर्भित परिपत्र का अवलोकन करें जो आपको भी अग्रेषित है जिसमे माननीय मुख्यमंत्री जी, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की आयोजित बैठक दिनांक 9 मार्च 2015 को जारी निर्देशानुसार **"शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये सार्वजनिक नलकूपों व पानी की टंकियों की नियमित साफ–सफाई की व्यवस्था भी की जावें"।** माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा जारी निर्देश का पालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जावेः–

1/ विभाग द्वारा कियान्वित ग्रामीण जलप्रदाय योजनाओं के अंतर्गत ग्रामों में निर्मित उच्च स्तरीय टंकियों की नियमित सफाई प्रत्येक वर्ष अनिवार्यतः की जावे। इसके साथ ही "जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन (WSSO)" द्वारा आई.ई.सी. के माध्यम से, विभाग द्वारा स्थापित हैण्डपंपों के प्लेटफार्म आस–पास की साफ–सफाई नियमित रूप से कराये जाने हेतु आवश्यक प्रचार–प्रसार/जनजागरण अभियान नियमित रूप से चलायी जावे।

2/ शहरीय क्षेत्रों एवं अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में जलप्रदाय हेतु निर्मित टंकियों एवं नलकूपों के आस–पास की साफ–सफाई संबंधित निकायों/विभागों के द्वारा किये जावेंगे।

कृपया माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा जारी उपरोक्त निर्देश का पालन कराते हुए पालन प्रतिवेदन से इस कार्यालय 15 दिवस की समयावधि में अवगत कराना सुनिश्चित करे।

19/6

**प्रमुख अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**छत्तीसगढ़, नया रायपुर**

पृ. क्रमांक 5142/त.शा./प्र.अ./लो.स्वा.यां.वि./2015 नया रायपुर दिनांक 19/06/2015

प्रतिलिपिः–

1. संचालक, राज्य जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन (WSSO), नीर भवन, सिविल लाईन रायपुर की ओर पालनार्थ ।
2. अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंडल रायपुर/बिलासपुर/दुर्ग/अंबिकापुर/जगदलपुर की ओर पालनार्थ ।
3. कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड/परियोजना खंड.............................................. की ओर की ओर पालनार्थ ।

19/6

**सहपत्र– उपरोक्तानुसार**

**क0 1 के लिये**

**प्रमुख अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**... नया रायपुर**

E/V.I.P.-2

छत्तीसगढ़ शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नया रायपुर

क्रमांक एफ 1–1/2015/34–2/ 2286 रायपुर, दिनांक 8/6/2015

## –: परिपत्र :–

मान. मुख्यमंत्रीजी की अध्यक्षता में बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की आयोजित बैठक दिनांक 9 मार्च 2015 में मान. मुख्यमंत्रीजी द्वारा निर्देश दिये गये कि **"शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये सार्वजनिक नलकूपों व पानी की टंकियों की नियमित साफ–सफाई की व्यवस्था भी की जावे"।** मान. मुख्यमंत्रीजी द्वारा दिये गये निर्देश का पालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जावे :–

1/ विभाग द्वारा क्रियान्वित ग्रामीण जलप्रदाय योजनाओं के अंतर्गत ग्रामों में निर्मित उच्च स्तरीय टंकियों की नियमित सफाई प्रत्येक वर्ष अनिवार्य रूप से कराया जावे। इसके साथ ही "जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन (WSSO)" द्वारा आई.ई.सी. के माध्यम से, विभाग द्वारा स्थापित हैण्डपंपों के प्लेटफार्म आस–पास की साफ–सफाई नियमित रूप से कराये जाने हेतु आवश्यक प्रचार–प्रसार/जनजागरण अभियान नियमित रूप से चलाया जावे।

2/ शहरीय क्षेत्रों एवं अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में जलप्रदाय हेतु निर्मित टंकियों एवं नलकूपों के आस–पास की साफ–सफाई संबंधित निकायो/विभागो के द्वारा किये जावेंगे।

**(एन.के. असवाल)**
अपर मुख्य सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

पृ.क्रमांक एफ 1–1/2015/34–2/ 2287 रायपुर, दिनांक 8/6/2015
प्रतिलिपि :–

1. अपर मुख्य सचिव, छ.ग.शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि कृपया अपने स्तर से भी पंचायतों को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।

2. प्रमुख सचिव, छ.ग.शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि कृपया अपने स्तर से भी नगरीय निकायो को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।
3. सचिव, मान. मंत्रीजी, छ.ग.शासन, मंत्रालय नया रायपुर।
4. उप सचिव कार्यालय मुख्य सचिव छ.ग.शासन मंत्रालय नया रायपुर।
5. समस्त संभागायुक्त संभाग .......................................... छत्तीसगढ़।
6. समस्त कलेक्टर जिला ............................................ छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि कृपया अपने स्तर से भी नगरीय निकायो को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।
7. प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग.।
8. समस्त मुख्य अभियंता, लो.स्वा.यां. परिक्षेत्र जगदलपुर/रायपुर/बिलासपुर।
9. समस्त अधीक्षण अभियंता, लो.स्वा.यां. मंडल .......................................।
10. समस्त कार्यपालन अभियंता लो.स्वा.यां. खंड ....................................।

क्र. 5 से 10 की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि **<u>मान. मुख्यमंत्रीजी से प्राप्त निर्देश का पालन सुनिश्चित करते हुए पालन प्रतिवेदन एक माह में प्रस्तुत करें।</u>**

अपर मुख्य सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

TS/AS/GS/ES/MIS/TSC/CCDU/Audit

HOS/EE/SF-T/P/CE(M)/E-in-C